**दिनांक 14.09.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में, समिति कक्ष में वर्तमान शैक्षिक सत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. प्रो0 समशेर, मा0 कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्रो0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. प्रो0 आर0के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास एवं संयोजक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. प्रो0 राजीव गुप्ता, विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभि0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. प्रो0 अरूण मैथानी, अधिष्ठाता–इन्क्यूवेशन हब एवं विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. प्रो0 नरेन्द्र कोहली, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
8. प्रो0 राम औतार, अधिष्ठाता–स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लायड साइंसेज एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
9. डा0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
10. प्रो0 इंदिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
11. श्री ब्रजेश सिंह, विभागाध्यक्ष, बायो–केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
12. डा0 राजेश कटियार, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
13. प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता–स्कूल आफ ह्यूमेजटीज एण्ड शोसल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0आई0, कानपुर।
14. डा0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
15. प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता–स्कूल ऑफ टेक्नॉलोजी एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग एवं ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
16. प्रो0 एस0के0 सिंघल, अधिष्ठाता–स्कूल आफ इंजीनियरिंग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
17. डा0 रजनी बिष्ट, सह–आचार्य, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

बैठक में निम्नोक्त सदस्य उपस्थित न हो सके:–

1. प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता–शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. प्रो0 यदुवीर सिंह, अधिष्ठाता–कन्टीन्यूइंग एजूकेशन एण्ड इन्टरनल क्वॉलिटी एश्योरेंस एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

बैठक में मा0 कुलपति महोदय द्वारा नवनियुक्त अधिष्ठातागणों का स्वागत किया गया और सफल कार्यकाल पूर्ण कर चुके पूर्व अधिष्ठातागणों के कार्यो की सराहना की गयी। मा0 कुलपति महोदय द्वारा नवनियुक्त अधिष्ठातागणों से अपेक्षा की गयी कि वे पूर्व अधिष्ठातागणों से सामंजस्य स्थापित करते हुये एवं उनके अनुभवों का लाभ प्राप्त करते हुए कार्यो का निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में मा0 कुलपति महोदय द्वारा शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो यथा शताब्दी स्तम्भ, शताब्दी द्वार एवं मल्टीपरजल हॉल की निर्माण प्रगति से भी अवगत कराया गया और निर्माण कार्यों के निरन्तर अनुश्रवण हेतु प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष–रखरखाव की सराहना की गयी। मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु निम्नोक्त निर्देश/सुझाव दिये गये:–

1. मा0 कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक पदों पर नियुक्तियों हेतु जारी विज्ञापन के सन्दर्भ में अथवा चयन प्रक्रिया के सन्दर्भ में यदि किसी अभ्यर्थी या अन्य द्वारा कोई प्रश्न अथवा प्रतिक्रिया व्यक्त की जाती है तो तत्काल उसका समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए इस हेतु यदि आवश्यकता हो तो कुलसचिव अथवा स्वयं मा0 कुलपति से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. कतिपय शैक्षिक विभागों में पर्याप्त संख्या में अतिथि व्याख्याता उपलब्ध न हो पाने के दृष्टिगत यह निर्णित हुआ कि दिसम्बर माह में पुनः अतिथि व्याख्याताओं को आबद्ध किये जाने की प्रक्रिया सम्पन्न की जाए।
3. बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्षगणों द्वारा केन्द्रीयकृत समय–सारिणी न होने के कारण कक्षाएं सम्पन्न कराने में हो रही असुविधा का उल्लेख किया गया। उक्त पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा अधिष्ठाता–शैक्षिक कियाकलाप से अपेक्षा की गयी कि वे एक सप्ताह में केन्द्रीयकृत समय–सारिणी तैयार करवाना सुनिश्चित करें।
4. विश्वविद्यालय में चल रही पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत प्राप्त अनुदान का समयान्तर्गत उपयोग सुनिश्चित किये जाने के निर्देश मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदान किये गये और योजनान्तर्गत प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के कम में यह निर्णय लिया गया कि जिन छात्रों को पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में पंजीकृत हुए तीन या उससे अधिक वर्ष हो चुके हैं उन्हें योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति अनुमन्य न की जाए।
5. मा0 कुलपति महोदय द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि कानपुर स्मार्ट सिटी संबंधी विश्वविद्यालय स्तर पर लम्बित कार्यों को अतिशीघ्र अर्थात अधिकतम एक सप्ताह में निस्तारित किया जाए।
6. विश्वविद्यालय की एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग विगत वर्ष से नीचे जाने की स्थिति पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा चिन्ता व्यक्त की गयी और निर्देश प्रदान किये गये कि विगत बैठकों में हुये निर्णयों पर समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि आगामी वर्षो में रैंकिंग में सुधार हो सके। साथ ही भविष्य में एन0आई0आर0एफ0 सहित समस्त अन्य रैंकिंग सम्बन्धी "डेटा कलेक्शन" का कार्य अधिष्ठाता–शैक्षिक क्रियाकलाप की अध्यक्षता में चारों स्कूल्स के अधिष्ठाताओं की समिति द्वारा किया जाएगा।

7. मा0 कुलपति महोदय द्वारा बैठक में आदेशित किया गया कि विश्वविद्यालय के अन्तिम वर्ष के छात्रों की फाइनल परीक्षाओं के समय एवं दीक्षान्त समारोह के आयोजन के समय छात्रों से "EXIT FORM" पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस "EXIT FORM" में छात्रों के प्लेसमेन्ट, देश/विदेश में उच्च शिक्षा, गेट स्कोर, रैंक तथा ऐसी अन्य उपयोगी सूचनाएं

भराई जाएं जो एन0आई0आर0एफ0 / एन0ए0ए0सी0 / एन0बी0ए0 या अन्यंत्र उपयोग की जा सके। उक्त कार्य अधिष्ठाता–शैक्षिक कियाकलाप द्वारा सम्पन्न किया जाएगा।

8. बैठक में अधिष्ठाता–शोध एवं विकास से अपेक्षा की गयी कि वे विश्वविद्यालय में अद्यतन विभिन्न विभागों द्वारा सम्पन्न करायी गये ''फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम्स'' का डेटा प्राप्त करें।
9. बैठक में अधिष्ठाता–योजना एवं स्रोत जनन से अपेक्षा की गयी कि वे विश्वविद्यालय में छात्रों के सेवायोजन में संलग्न सेवायोजकों की एक "Employer Meet" का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें।
10. बैठक में उपस्थित कतिपय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट को नियमित रूप से अपडेट न किये जाने के प्रकरणों से अवगत कराया गया। उक्त पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि उपस्थित विभागाध्यक्षगण एवं अधिष्ठातागण विश्वविद्यालय वेबसाईट में अपडेट किये जाने वाले डेटा / सूचना को मा0 कुलपति कार्यालय को नोट करा दें ताकि तद्नुरूप वेबसाईट को अपडेट किया जा सके।
11. बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से जारी होने वाले समस्त सूचना पत्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जाना चाहिए। उक्त पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा कुलसचिव को निर्देशित किया गया कि वे उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें

बैठक मा0 कुलपति महोदय के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–2

संख्याः 508 / कुस0कार्या0 / 2021 दिनांकः सितम्बर 22, 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. वित्त नियंत्रक / कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव